राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक, नशा मुक्त समाज के लिए वृहद स्तर पर हो पहलः राज्यपाल श्री मिश्र

'नशे के विरूद्ध अभियान में समाज की भूमिका' विषयक संवाद आयोजित

जयपुर/बीकानेर, 7 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि 'नशा मुक्त समाज' के लिए वृहद स्तर पर पहल किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने नशा मुक्ति प्रयासों को जन आंदोलन बनाए जाने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र शुक्रवार को बीकानेर के राजकीय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय सभागार में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और पुलिस रेंज बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान् में आयोजित संवाद 'नशे के विरूद्ध अभियान में समाज की भूमिका' को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने चिंता जताते हुए कहा कि जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 60 मिलयिन से अधिक लोग नशीली दवाइयों के उपयोगकर्ता हैं। इनमें बड़ी संख्या में 10 से 17 वर्ष के किशोर शामिल हैं। यह आंकड़े डराने वाले हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रखा गया संवाद मादक द्रव्यों के सेवन से मुक्त स्थाई समाज के लक्ष्य प्राप्ति की ओर अभिनव पहल साबित होगा।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति जैसे अभियानों में पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। छोटे-मोटे अपराधों में पुलिस के समक्ष ऐसे अपराधी आते होंगे, जिन्होंने नशे की आदत के कारण अपराध का रास्ता अपनाया हो। ऐसे लोगों की पहचान कर, उन्हें अपराध से दूर रखने, नशे की प्रवृत्ति से बचाने की दिशा में पुलिस की भागीदारी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

राज्यपाल ने आह्वान किया कि रेडक्रॉस के जरिए नशे के आदी व्यक्तियों के लिए एकीकृत पुनर्वास केन्द्र अधिक से अधिक संख्या में स्थापित हों। नशा मुक्ति केन्द्रों में नशीली दवाओं पर निर्भर व्यक्तियों के लिए परामर्श एवं उपचार सुविधाएं विकसित की जाएं। इनके लिए रेफरल और लिंकेज प्रदान करने के साथ स्क्रीनिंग, मूल्यांकन और परामर्श की सुविधाएं बढ़ाई जाएं।

राज्यपाल ने रेंज पुलिस द्वारा नशे की रोकथाम के लिए किए गए 'पुलिस पब्लिक पंचायत, पुलिस विद्यार्थी चौपाल, ऑपरेशन सीमा और स्टूडेंट्स अगेंस्ट ड्रग्स जैसे नवाचारों की सराहना की।

इससे पहले राज्यपाल ने संविधान की प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। वेदपाठी पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार किया गया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति अभियान में सहयोग करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया।

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट वाइस चेयरमेन विजय खत्री ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने सोसायटी की गतिविधियों की जानकारी दी।

पुलिस रेंज बीकानेर के महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश ने नशा मुक्ति से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया। जिला कलक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की जिला अध्यक्ष नम्रता वृष्णि ने आभार जताया। इस दौरान संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी भी बतौर अतिथि मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन राजेन्द्र जोशी ने किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के डॉ. श्रीगोपाल, अनूपगढ़ के डॉ. विजय चोरड़िया एवं डॉ. रविकांत गोयल, सहायक निदेशक (जनसंपर्क) हरिशंकर आचार्य, रंगकर्मी मोहम्मद रफीक पठान एवं रामकेश मीणा, श्रीगंगानगर के रामविलास, बीकानेर के जय खत्री, अनूपगढ़ के कालूराम, हनुमानगढ़ के हरीश, सुनील कुमार एवं वसीम, हनुमानगढ़ के रामेश्वर मेघवाल, सुरेंद्र धारणिया, जैन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य, श्रीगंगानगर के विक्रम ज्याणी, यूथ अगेंस्ट इलिटरेसी के यश बिनावरा, रोट्रेक्ट क्लब मरुधरा के पूर्व डीआरआर सुरेन्द्र जोशी, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के गजेंद्र सिंह, विजय कुमार श्रीमाली, मोहम्मद सलीम और नगर विकास न्यास सचिव सुभाष कुमार का सम्मान किया गया।

क्रॉस सोसायटी
की भूमिका विषयक संवाद और
प्रतिभाओं का सम्मान
बीकाने
दिनांक

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी
नशे के विरुद्ध समाज की भूमिका विषयक संवाद और
नशाखोरी के विरुद्ध कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान
सहयोगी संस्थान
पुलिस रेंज, बीकानेर
स्थान